तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 30.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 20 मई 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4 रेत की अवैध डंपिंग पर रायपुर व सारंगढ़ खनिज अमले ...



प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) | DMLT (2 years)
DXRT (3 years) | O.T. (1 years)
D.Pharma (3 years) | Ophthalmic ass. (1 years)
कुनकुरी 7580834000
अम्बिकापुर 7440435000




ऑटो चालकों की मनमानी से परेशान हो रही जनता

# शहर में यातायात नियमों की हो रही अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

यहां वहां जहां कही भी रोड पर रोककर तीन पहिया ऑटो खड़ा मिल जाएगा सड़क पर। अहम बात यह है कि अगर किसी ने कुछ कहा तो सारे ऑटो चालक मिलकर उसका मुंह बंद कर देते है। मुख्यतः रविवार को तो जैसे इन्हें मनमानी करने की छूट दे दी गई हो। कहीं भी, किसी भी स्थान पर ऑटो रोककर सवारी का इंतजार करने लगते है। जैसे इनके लिए कोई नियम बना ही न हो। न जाने कितनी बार लोग दुर्घटना का शिकार हो चुके है।

■ स्टैंड पर चालक नहीं रोकते आटो

प्रशासन ने पुराने संजय टाकीज के सामने ऑटो स्टैंड के लिए निर्धारित किया हुआ है। ऑटो वाले तो कही भी किसी भी जगह पर ऑटो रोक कर खड़े हो जाते है। ऑटो चालक सन्ना रोड में नया स्टैंड बना लिए है। जहां हमेशा दर्जनों की संख्या में ऑटो खड़े मिल जाएंगे।


सड़क में खड़ा ऑटो।

### कार्रवाई की जाएगी

ऑटो चालकों के लिए बस स्टैंड के पास कॉलेज रोड मे स्टैंड के लिए जगह दी है है। उन्हें कई बार समझाइश दी गई है कि ऑटो नियत स्थान पर ही खड़ा करे। लेकिन बार बार समझाइश देने के बाद भी अगर नही मानते है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**आरएस पैकरा,**
यातायात प्रभारी जशपुर

### वर्दी नहीं पहनते ऑटो चालक

ऑटो में बैठने वाली सवारियों की गिनती न तो कभी यातायात विभाग करता है न ही कभी वाहन चालक क्योंकि हर ऑटो चालक की चाहत होती है कि अधिक से अधिक सवारी को बैठाया जाए। जिससे आमदनी ज्यादा से ज्यादा हो। कोई भी ऑटो चालक कभी भी अपनी वर्दी नहीं पहनता है न ही प्रशासन की ओर से किसी तरह का बिल्ला या पहचान दिया गया है।

### मनमाना किराया वसूलते हैं

अन्य शहरों की तरह जिले में ऑटो चालकों को किसी भी तरह की कोई किराए की नियमावली नहीं बनी है। इसका फायदा उठाते हुए ऑटो चालक मनमानी किराया वसूलते है। जनता मजबूर होती है देने के लिए।

जिससे हमेशा सड़क में भारी वाहनों के आने जाने से रास्ता जाम हो जाता है। इसी तरह साप्ताहिक बाजार के पास भी ऑटो चालक यातायात को बाधित करने में नहीं चूकते।

# जंगल में जुआ फड़, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

थाना बागबहार क्षेत्र के ग्राम काडरो गोहरघाटी जंगल में 18 मई को दोपहर में कुछ लोगों द्वारा रुपए-पैसे का दांव लगाकर जुआ खेलने की शिकायत मिली। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने टीम बनाकर छापा मारा। पुलिस की इस कार्रवाई में तीन जुआरियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। मौके से पुलिस ने 40,370 रुपए, 2 मोबाइल, 2 बाइक इत्यादि जब्त किया है।

**खास बातें**
- छापा मारकर 3 जुआरियों को किया गिरफ्तार
- मौके से 40 हजार रुपए नकद 2 मोबाइल, 2 बाइक जब्त

पुलिस के अनुसार थाना बागबहार क्षेत्र के ग्राम काडरो गोहरघाटी जंगल में बडे जुआ फड़ की सूचना मुखबीर से पुलिस को मिली। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा तत्काल एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर एवं थाना प्रभारी बागबहार के नेतृत्व में विभिन्न टीमों का गठन कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं वैधानिक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के परिपालन में पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताए अनुसार ग्राम काडरो गोहरघाटी जंगल में पहुंचकर जुआ फड़ की घेराबंदी कर दबिश दिया, तब जाकर 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जुआ की नकदी रकम, मोबाइल, वाहन, ताश-पत्ती इत्यादि जब्त किया गया। कुछ आरोपी जंगल की आड़ लेकर वहां से भाग गए। पुलिस द्वारा आरोपी लोहर साय उम्र 41 साल निवासी काडरो थाना बागबहार, घनश्याम पैंकरा उम्र 42 साल निवासी पहार थाना लैलुंगा, दौलत नायक उम्र 47 साल निवासी कोडासिंघा थाना लैलंगा का कृत्य धारा 3(2) जुआ एक्ट का पाए जाने से उक्त सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों से कुल रकम 40,370 रूपए, 2 मोबाइल, 2 बाइक, प्लास्टिक तिरपाल इत्यादि जब्त किया गया है। प्रकरण की विवेचना कार्रवाई एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेष कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर, थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, ⏭ शेष पेज 4 पर


पुलिस गिरफ्त में पकड़े गए जुआरी।

## खबर संक्षेप

### सारणीकरण कार्य के लिए अफसरों की लगी ड्यूटी

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 मतगणना तिथि 4 जून को मतगणना कार्य से संबंधित केन्द्रीय सारणीकरण टेबल में सारणीकरण कार्य हेतु नगर पालिक निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के लेखाधिकारी राकेश सिन्हा सहायक नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ ही सारणीकरण कार्य हेतु हसदेव गंगा कछार कार्यालय के लेखाधिकारी नंद किशोर चक्रधारी, जिला कोषालय के सहायक कोषालय अधिकारी मनोज कुमार शर्मा एवं प्रकाश कश्यप, रागाशिमि के सहायक प्रोग्रामर विशाल वर्मा, कलेक्टर कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 दिलीप सिन्हा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय अम्बिकापुर के सहायक ग्रेड-2 केशव प्रसाद सिंह की ड्यूटी लगाई गई है। इन सभी का मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण 29 मई 2024 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में आयोजित है।

### ईवीएम व कंट्रोल यूनिट को लाने अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन हेतु स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को कन्ट्रोल यूनिट को मतगणना कक्ष तक ले जाने हेतु अधिकारी-कर्मचारियों को लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 9 लुण्ड्रा हेतु राजस्व निरीक्षक संजय कुमार सिंह, धौरपुर के राजस्व निरीक्षक सबल साय एक्का को मतगणना कक्ष से सिलिंग रूप में ईवीएम मशीन ले जाने हेतु लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम मशीन ले जाने हेतु अम्बिकापुर के राजस्व निरीक्षक राजनंदन राजवाड़े तथा मतगणना कक्ष से सिलिंग रूप में ईवीएम मशीन ले जाने हेतु अम्बिकापुर राजस्व निरीक्षक नजूल विजय कुमार श्रीवास्तव को लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु सीतापुर के राजस्व निरीक्षक पुनी राम पैंकरा को स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईवीएम मशीन ले जाने हेतु तथा बतौली के राजस्व निरीक्षक शिवपूजन तिवारी को मतगणना कक्ष से सिलिंग रूप में ईवीएम मशीन ले जाने हेतु लाईन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### बच्चे की मौत के मामले में जांच के बाद एफआईआर

**अंबिकापुर।** शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम करासी निवासी 8 वर्षीय श्रवण कुमार आ. हरिलाल 29 अक्टूबर 2023 को सुबह 9 बजे घर के समीप सड़क किनारे खेल रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन चालक ने बच्चे को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल बच्चे को उपचार के लिए प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया था। रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान 3 नवंबर को बच्चे की मौत हो गई थी। बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया था और मर्ग जांच के बाद अब पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

# बालवाड़ी-आंगनबाड़ी प्रशिक्षण सह कार्यशाला में शामिल हुईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जशपुर के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय बालवाड़ी शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का 16 से 18 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण आत्मानंद विद्यालय बगीचा में आयोजित किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमआर. यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया ।

प्रशिक्षण में 16 मई को बालवाड़ी -आंगनबाड़ी का परिचय एवं महत्त्व, अधिगम शैली, विकास के पांच आयाम, NEP2020, खेल आधारित शिक्षण शास्त्र, अनुकूल शिक्षण परिवेश, बालवाड़ी एवं बालवाटिका का परिचय पर चर्चा की गई । 17 मई को थीम आधारित दैनिक शिक्षण योजना, गतिविधि पुस्तकों की संरचना, सुगमकर्ता की गतिविधियों पर चर्चा, दैनिक कार्ययोजना की गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण पर विस्तारपूर्वक व्याख्या की गई । 18 मई को प्रशिक्षणार्थियों द्वारा गणितीय शिक्षण आधारित गतिविधियां, संज्ञानात्मक विकास एवं उससे जुड़ी गतिविधियों पर चर्चा, रचनात्मक अभिव्यक्ति पर गतिविधियों द्वारा चर्चा - परिचर्चा आयोजित की गई । विकासखंड शिक्षा अधिकारी एमआर यादव एवं आत्मानंद विद्यालय के प्राचार्य सुदर्शन पटेल द्वारा प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। बीईओ ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया। प्रशिक्षण में मास्टर् ट्रेनर के रूप में श्रीमती ममता शर्मा एमआईएस एवं कु. दिव्या ज्योति कुजूर सहायक शिक्षक प्रा. शाला गढ़ककेया, तिलक श्रीवास आईडबी आरपी के द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के थीम के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया । बालवाड़ी संचालित 100 स्कूलों और उनसे जुड़े आंगनबाड़ी स्कूलों के शिक्षक व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यह प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा आधारित यह प्रशिक्षण बहुत ही अच्छे ढंग से गतिविधि आधारित और खेल के माध्यम से संपन्न हुआ ।



# रांची लोकसभा प्रत्याशी 4 लाख से ज्यादा मतों से करेंगे जीत हासिल : रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

झारखंड में भाजपा के बैनर तले आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान रांची में विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी 4 लाख से भी ज्यादा मतों से जीत हासिल करेगा। सभी तरफ मोदी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए मतदाताओं में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल दिख रहा है।

मतदाताओं के बीच से जो फीड बैक निकल कर सामने आ रहा है उसमें मतदाताओं ने इस बार भाजपा को प्रचंड मतों से जीत दर्ज कराने का ठान लिया है और चुनाव के दिन सभी मतदाता अपने घरों से भारी संख्या में निकल भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगे। ज्ञात हो कि रांची के चिरौंदी में आयोजित कार्यक्रम में आम सभा को संबोधित करते हुए जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का अपील करने की अपील की। रांची लोकसभा चुनाव में चुनावी कमान संभाल 495 बूथों और 11 मंडलों का सघन दौरा कर भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने और कार्यकर्ताओं को पार्टी से मिले निर्देश का पालन करा मोदी की गारंटी पर जनता के दिलों में विश्वास दिलाने रणनीति बना कार्य किया। इस बीच जनता ने जो फीड बैक दिया है उसमें भाजपा के पक्ष में माहौल बनने के बाद जशपुर विधायक ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्यासी को 4 लाख से भी ज्यादा मतों से जीत मिलेगी। श्रीमती भगत ने रांची लोकसभा क्षेत्र के समस्त जनता से अपील भी किया कि चुनाव के दौरान अपने मतों का उपयोग करते हुए अवश्य मतदान करें और निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करते हुवे लोकतंत्र के महापर्व चुनाव को अत्यंत ही धूमधाम से मनाएं।


चुनाव प्रचार करती विधायक रायमुनी भगत।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने चल रहे 50 से अधिक कार्य

**अम्बिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए चल रहे निर्माण कार्यों की अधिष्ठाता ने निर्माण एजेंसी व ठेकेदारों के साथ बैठक कर कार्य के प्रगति की समीक्षा की। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल जल्द से जल्द सुधार कार्यों को पूर्ण करने की बात कही ताकि मरीजों को बेहतर उपचार सुविधा मिल सके। बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 50 से 52 निर्माण व सुधार कार्य करोड़ों रुपए की लागत से किए जा रहे है। निर्माण कार्यों को शुरू किए दो से ढाई वर्ष का भी समय हो चुका है और कई कार्य पूर्ण हो चुके है जबकि कई निर्माण कार्य अब भी जारी है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति ने अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या, सीजीएमएससी के ईई उमाशंकर पटेल, एसडीओ, सब इंजीनियर, ठेकेदारों के साथ मेडिकल कॉलेज में कॉलेज अस्पताल में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं, अब वाहन होंगे जब्त

**अम्बिकापुर** सरगुजा में अब शराब पीकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं है। पुलिस द्वारा अब ब्रीद एनालाइजर से जांच करने के साथ ही शराबी चालकों पर कार्रवाई की जा रही है जबकि वाहनों के जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि चार पहिया व दो पहिया वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते है और दुर्घटना को अंजाम देते है। ऐसे में एसपी के निर्देश पर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गांधीनगर पुलिस द्वारा मनेन्द्रगढ़ रोड में वाहनों की जांच के लिए चेकिंग प्वाइंट लगाया गया था। चेकिंग प्वाइंट में जांच के दौरान पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 3651 काफी तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था। ऐसे में पुलिस ने वाहन को रोककर चालक की जांच की गई तो वह शराब के नशे में वाहन चलाते मिला। पुलिस ने मामले में सूरजपुर जिले के जयनगर कुंजनगर निवासी 32 वर्षीय प्रकाश राजवाड़े को धारा 184, 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वाहन को जब्त कर लिया है।

# सर्पदंश से 6 वर्षीय मासूम की मौत, मर्ग कायम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम शोयदा में घर की परछी में सो रही 6 वर्षीया मासूम की सांप काटने से मौत हो गई। परिजन पीड़िता एवं मृत सांप को लेकर अस्पताल पहुंचा जहां सांप को देखकर लोग हैरान रह गए। बच्ची की मौत से परिवार में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम शोयदा निवासी रामसिंह रजक बीती रात अपने परिवार के साथ घर की परछी में चटाई बिछाकर सोया था। रत्रि 12 बजे 6 वर्षीय आनंदी रजक चिल्लाने लगी। बच्ची की आवाज सुनकर पिता ने उठकर देखा कि करैत सांप बच्ची के गले में लिपटा है। उसने किसी तरह सांप को गले से निकाला और बच्ची को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंचकर पीएम करा शव परिजन के सुपूर्द किया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। परिजन शनिवार की सुबह मृत करैत सांप को लेकर अस्पताल पहंचे। सांप को देख लोगों की भीड़ लग गई और सांप को देखकर लोग हैरान रह गए।

**खास बात**
- मृत करैत को लेकर परिजन पहुंचे अस्पताल


मासूम का शव।


मृत करैत सर्प को लेकर अस्पताल परिसर में मौजूद परिजन।

नियमों के उल्लंघन करते पाए जाने पर गुमाश्ता एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

# यातायात व्यवस्था सुगम बनाने प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुरनगर। जशपुर जिले के पत्थलगांव शहर में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त एवं सुरक्षित बनाने हेतु पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा विगत दिनों में प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारी संघ एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष, आम नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर सुझाव लेकर सहमति बनाया गया है। इसी तारमम्य में यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने 19 मई को एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर तहसीलदार गणेश सिदार, नगर पंचायत सीएमओ. मो जावेद द्वारा संयुक्त रूप से मिलकर बस स्टैंड एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण किया गया एवं इस दौरान नियमों के उल्लंघन करने पर गुमाश्ता एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। व्यापारियों द्वारा होर्डिंग्स, पोस्टर एवं बेतरतीब सामान को व्यवस्थित रखने हेतु कहा गया है एवं साइन बोर्ड मार्ग से 20 फीट की दूरी में लगाने हेतु कहा गया है। यातायात व्यवस्था हेतु स्टापर में लगे विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड को हटवाने हेतु निर्देशित किया गया है। शहर के तीनों मार्ग में पार्किंग हेतु स्थल चयन किया जा रहा है। वाहनों के दबाव को कम करने हेतु चिड़रापारा में वैकल्पिक बस स्टैंड बनाया गया है, जिसे जल्द ही चालू किया जाएगा। बाइक में स्टंटबाजी करने वालों, ड्रिंक एंड ड्राइव, ट्रिपल सवारी के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।


कार्रवाई करते पूलिस अधीक्षक।

### तीन सवारी बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो की गई जान

**जशपुरनगर।** करबला चौक के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक के गिर जाने से तीनों बाइक सवार युवकों को गंभीर चोट आई। हादसे में उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने दो को मृत घोषित कर दिया। तीसरे साथी को गंभीर चोट आई है। जिसका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार आनंद मिंज पिता बारनाबस मिंज 24 वर्ष किलिंग निवासी शुक्रवार को बाइक क्रमांक सीजी 14 एमबी 3009 से अपनी मां के साथ जशपुर आया था। करबला चौक के पास राम प्रसाद राम पिता तेम्बू राम 35 वर्ष रातामाटी निवासी मिला और वह आनंद के साथ हो लिया। रास्ते में एक सुरेश राम मिला, वह भी उनके साथ हो लिया। गाड़ी को रामप्रसाद राम चला रहा था। तेज रफ्तार और असंतुलन के कारण गाड़ी से तीनों गिर गए। उन्हें अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर में दोनों को मृत घोषित कर दिया। तीसरा साथी सुरेश राम को हाथ पैर में चोट लगी है। जिसका इलाज जारी है।

# एक ही जमीन को दो लोगों को बेचा रजिस्ट्री खारिज हुई तो खुला राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बेचीं हुई जमीन को पुनः साढ़े दस लाख रुपए में पुनः बेचकर धोखाधड़ी करने वाले भूमाफिया को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पहले तो 50 हजार रुपए में जमीन को बेच दिया और फिर दूसरे युवक से उसी जमीन के लिए साढ़े दस लाख रुपए वसूल लिए लेकिन मामले का खुलासा तब हुआ जब पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्री को खारिज कर दिया गया। गांधीनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चोपड़ा पारा रिंग रोड निवासी मुख्तार अंसारी को केदारपुर निवासी अखिलेश शुक्ला ने अजिरमा में खसरा नंबर 798 /1 रकबा 0.110 हेक्टयेर जमीन को अपना बताकर बेचने के लिए 10.50 लाख रुपए में अनुबंध किया था और जमीन के बदले रुपए भी ले लिया। अनुबंध के बाद जब मुख्तार अंसारी जमीन की रजिस्ट्री के लिए रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचा तो उसकी रजिस्ट्री को खारिज कर दिया गया क्यों कि उक्त जमीन सुखरी निवासी शत्रुधन यादव व अन्य के नाम पर रजिस्ट्री की जा चुकी थी। ऐसे में अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत युवक ने पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले में केदारपुर मिशन हॉस्पिटल रोड निवासी 48 वर्षीय अखिलेश शुक्ला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने पहले उक्त जमीन को 50 हाजर रुपए में शत्रुधन यादव को बेच दिया और उसकी रजिस्ट्री भी हो गई लेकिन पैसों की लालच में उसने पुनः उक्त जमीन को साढ़े दस लाख रुपए में मुख्तार अंसारी को बेच दिया था।

## क्राइम फाइल

### हज पर जाने वाले जायरीनों का किया जाएगा सम्मानः हाजी अखलाक



**कोरबा।** हज यात्रा में जाने वाले जायरीनों का सुन्नी मुस्लिम जमात के तरफ से इस्तेकबालिया सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह 21 मई की दोपहर 12 बजे से जामा मस्जिद कोरबा में किया जाएगा। सुन्नी मुस्लिम जमात के सदर हाजी अखलाक की ओर से हर साल की तरह इस साल भी हज पर जाने वाले यात्रियों को एहराम, तस्बीह व किताब दिया जाएगा व लोगों हज की जानकारी दी जाएगी। सुन्नी मुस्लिम जमात सरपरस्त कारी सैय्यद शब्बीर अहमद असरफी ने बताया कि साल 628 में पैगंबर मोहम्मद साहब ने अपने 1400 अनुयायियों के साथ एक यात्रा शुरू की थी। ये यात्रा ही इस्लाम की पहली तीर्थयात्रा बनी जिसे बाद में हज कहा गया। हर साल दुनियाभर से सभी मुस्लिम सऊदी अरब हज के लिए पहुंचते हैं। हज में पांच दिन लगते हैं और ये बकरीद यानी ईद उल अज़्हा के नमाज़ और कुर्बानी के बाद पूरी होती है।

### लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहा छात्र स्वास्थ्य मंत्री से लगाई मदद की गुहार



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाली के कक्षा 5वीं के छात्र प्रियांशु 10 वर्ष लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। उनका इलाज पहले एम्स रायपुर में चल रहा था, लेकिन अब उन्हें गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर किया गया है। परिवार की मुश्किलें-प्रियांशु के पिता का निधन हो चुका है और उनकी माँ रोज़ी-मज़दूरी करके परिवार का पालन-पोषण करती हैं। इलाज के लिए अब तक कर्ज और जमापूंजी खर्च कर चुके हैं। आगे के इलाज के लिए धन की भारी आवश्यकता है। मदद की अपील-प्रियांशु के जीवन बचाने के लिए क्षेत्रवासियों से आर्थिक सहयोग की अपील की है।

### तालाब में तैरती मिली युवक की लाश, मर्ग कायम

**कोरबा।** बालको थाना अंतर्गत के रिसदा भदरापारा तालाब में एक युवक लाश मिली हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। युवक के शव को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम महेंद्र पाल सिंह बताया जा रहा हैं। जो नहाने के लिए तालाब की तरफ गया था। आशंका जताई जा रही हैं की वह नहाने के दौरान पानी में अधिक गहराई मे चला गया होगा,जिससे उसकी मृत्यु हो गई होंगी। वही मृतक की मां ने बताया कि वह सुबह उठकर नहाने जाने की तैयारी में जुट गया। कपड़े धोने की बात कहते हुए पहले वह पास स्थित दुकान में गया। उसके बाद उसे उसके बारे में उसे कोई जानकारी नहीं मिली। पड़ोसियों ने आकर बताया कि वह तालाब में डूब गया है।पुलिस घटनाक्रम की जानकारी ले परिजनों का बयान दर्ज कर आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

### प्राइवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी और आबंटन कल से

**कोरबा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के अंतर्गत प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन और भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी। इसके बाद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक चलेगी। आरटीई के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नये स्कूल पंजीयन आवेदन और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। वहीं छात्र पंजीयन आवेदन 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा। इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 17 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागीय शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है, कि आरटीई अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने संबंध में अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण और मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

### रूंगटा कंपनी के वाहन चालकों ने किया गेवरा जीएम दफ्तर का घेराव

# प्रतिमाह 25 हजार का वादा और अब काम कराने के बाद बदला इरादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी रूंगटा के कर्मियों ने काम बंद कर जीएम कार्यालय का घेराव कर दिया। ठेका श्रमिकों का आरोप है कि रूंगटा कंपनी अपने वर्करों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दर पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। कंपनी द्वारा आधा वेतन खाते में और शेष राशि नगद दी जा रही है। 25 हजार प्रतिमाह के वादे के विपरीत वेतन भी कम दिया जा रहा है।

एसईसीएल गेवरा प्रबंधन से वेतन विसंगति को लेकर शिकायत भी की गई है। बावजूद इसके प्रबंधन चुप्पी साध रखी है। यही वजह है कि आक्रोशित ठेका श्रमिकों ने मोर्चा खोल दिया और शनिवार को वाहन चालकों ने अपनी मांगों को लेकर एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव कर दिया। चालकों ने बताया कि काफी लंबे समय से रूंगटा कंपनी में काम कर रहे हैं। इसकी चार और कंपनियां हैं, जो कोयला उत्खनन का काम करती है। सभी कंपनी में अलग-अलग कर्मचारी हैं, जिनका वेतन अलग-अलग है। ऐसे में समान वेतन सबको नहीं मिल पा रहा है और न हीं उनको ईएसआईसी जैसी कोई मेडिकल सुविधा मिल पा रही है। उन्होंने एसईसीएल प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि रूंगटा कंपनी खदान के भीतर कोयले का खनन काम करती है। ठेका कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से खदान के भीतर उत्खनन का काम पूरी तरह से ठप हो गया है। खदान के भीतर वाहनों की लंबी कतार लग गई है। उनका यह भी आरोप है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है।



जीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन करते रूंगटा कंपनी के ठेका श्रमिक।

**18 सौ की बजाय पीएफ में 36 सौ कटौती**

ठेका श्रमिकों ने आरोप लगाया है कि उनका जो पीएफ काटा जा रहा है, वह भी अधिक है। कायदे से 18 सौ रूपए प्रतिमाह कटना चाहिए पर 36 सौ रूपए की दोगुनी राशि काट ली जाती है। पूछने पर कहते हैं कि सरकार के नियम के अनुसार ही कटौती की जा रही है। किसी को 15 हजार तो किसी को 18 हजार वेतन दिया जाता है। इसके पहले भी कंपनी के ठेका श्रमिकों ने मार्च 2024 में कोल माइंस अधिनियम, समान वेतन और मेडिकल की सुविधा दिए जाने की मांग को लेकर पहले दो खदान में काम बंद कर दिया, फिर गेवरा सीजीएम कार्यालय के सामने धरना दिया था अब चालकों ने मोर्चा खोल दिया है

# भालू के हमले से दो महिला गंभीर रूप से घायल



घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। जंगल में दो भालू के हमले में महिलाए गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिन्हें उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण महिलाएं तेंदुपत्ता तोड़ने के लिए जंगल की ओर गयी थी। इसी बीच एकाएक भालुओं ने उन पर हमला कर दिया, उक्त भिडंत में महिलाएं गंभीर रुप से घायल हो गई है। बताया जा रहा हैं की हमले में चंद्रमति कंवर नामक महिला निवासी ग्राम टापरा के दोनों पैर में भालुओं ने गहरे घाव कर दिए है। वहीं अन्य महिला फूल कुंवर नामक महिला के बाएं जांघ में हमला किया है। पूरे घटना की सुचना ग्रामीणों द्वारा डायल 112 को दी गई, जिसके बाद मौके पर त्वरित रूप से आरक्षक रोहित पाटले 262 एवं चालक पुर्णेश गवेल ने पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल के लिए रवाना किया जहां घायलों का उपचार जारी है।

# एसईसीएल कर्मी के मकान में चोरी



चोरी के बाद घर में बिखरा सामान।



खोजी डाग की मदद लेते पुलिस कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में सतनाम चौराहा के पास एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने आभूषण और नगदी रकम पार कर दी। वैवाहिक समारोह से लौटने पर एसईसीएल कर्मी को इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मौके का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक एसईसीएल में राममिलन यादव कार्यरत हैं जो अपने परिवार के साथ मानिकपुर क्षेत्र के सतनाम चौराहा के पास निवास करते हैं। उसके रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम था। राममिलन यादव ने बताया कि शुक्रवार की रात अपने परिवार के साथ शादी कार्यक्रम में ग्राम कनकी भादा गए हुए थे। शनिवार की सुबह पड़ोसियों ने फोन कर जानकारी दी कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। जब घर जाकर देखा तो अंदर के चारों कमरे का ताला टूटा हुआ था। किचन भी खुला हुआ मिला। लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी की चोरी हुई है। एसईसीएल कर्मी राममिलन ने बताया कि दो अलमारी से लगभग ढाई लाख का सोना-चांदी समेत नगदी रकम लेकर गए हैं। चोरों ने तीन लाख का माल पार कर दिया है। मौके से 370 ग्राम चांदी के आभूषण और लगभग 10 ग्राम सोने के आभूषण के अलावा 10 हजार नगद भी चोरों के द्वारा चोरी किए गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की। परिजनों से पूछताछ करने के बाद चोरों को पकड़ने डॉग स्क्वायड को मौके पर बुलाया गया। मानिकपुर चौकी पुलिस इस मामले में जल्द ही आरोपियों तक पहुंचाने की बात कह रही है।संदेह के आधार पर कुछ युवकों को हिरासत में लिया। मानिकपुर चौकी पुलिस प्रभारी अमर जायसवाल ने बताया कि डॉग बाघा ने पड़ोसी के घर से होते हुए आसपास मोहल्ले में गया, जिससे आसपास और बस्ती में रहने वाले कुछ युवकों पर संदेह है। संदेह के आधार परकुछ युवकों को पकड़ा गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है।

**खास बात**

- शादी में शामिल होने कनकी गया था परिवार, मानिकपुर चौकी क्षेत्र क मामला

# हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छुरी कटघोरा मार्ग पर एक वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर दुर्घटाकारित वाहन चालक की पतासाजी शुरु कर दी है।

छुरी निवासी केशव चौहान अपनी बाइक में सवार होकर कटघोरा की तरफ जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात हाइवा चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल होने के बाद केशव चौहान को उपचार के लिए कटघोरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया, बावजूद इसके उसकी जान नहीं बच सकी। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम कर उसकी तलाश की जा रही है।

**खास बात**

- कटघोरा छुरी मार्ग पर हुआ हादसा



मृतक केशव चौहान।

### अनियंत्रित कार शटर तोड़ते हुए घुसी घर में, चालक घायल

**कोरबा।** उरगा थाना अंतर्गत पहंदा गांव में एक तेज रफ्तार कार घर का शटर तोड़ते हुए भीतर जा घुसा। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिती निर्मित हो गई। घर राजू कुर्रे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है,कि कार को एक विकलांग चला रहा था, जिसने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और हादसा हो गया। हादसे में विकलांक चालक को चोट लगी है, जिसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती करवाया है। वहीं हादसे के दौरान घर पर मौजूद बाइक को नुकसान पहुंचा है।

### नाले में गिरा ट्रक, बाल बाल बचा चालक

**कोरबा।** कुसमुंडा के लक्ष्मण नाले के पास एक सड़क हादसा हुआ है, जहां एक खाली ट्रक सड़क से उतरकर नाले में जा गिरा। हादसे का सुखद पहलु यह रहा, कि ट्रक सड़क के दांयी और नहीं पलटा नहीं तो कई कच्चे और पक्के मकान उसकी चपेट में आ सकते थे। बताया जा रहा है, कि ट्रक चालक शॉर्टकट के चक्कर में कच्ची सड़क पर आ गया, जहां से दोपहिया वाहन होकर गुजरते है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को कड़ी फटकार लगाई। ऐसे चालकों के खिलाफ पुलिस को सख्ती से पेश आना चाहिए,ताकी गलत रास्ता चुनने से पहले चालक सौ बार सोचे।

# शादी से पहले ही दूल्हा पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी प्रेमिका को शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले प्रेमी को किसी दूसरी लड़की से विवाह रचाना महंगा पड़ गया। जैसे ही प्रेमिका को इस बात की भनक लगी कि उसका प्रेमी धोखा देकर किसी अन्य युवती से विवाह कर रहा है उसने पुलिस से शिकायत कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया।

सक्ति निवासी नंदलाल निषाद का विवाह रायगढ निवासी एक युवती से होने जा रहा था। इसी बीच नंदलाल की प्रेमिका को इसकी जानकारी हुई कि उसका प्रेमी किसी अन्य युवती से विवाह रचाने जा रहा है। इसके बाद वह युवती सिविल लाईन थाना रामपुर पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की। इसके बाद शादी का झांसा देकर युवती के साथ दैहिक शोषण करने के बाद किसी दूसरी युवती के साथ विवाह रचाने जा रहे युवक को सीविल लाईन पुलिस ने सक्ती के डभरा से गिरफ्तार किया।

आरोपी नंदलाल निषाद जिसकी बारात शनिवार को रायगढ़ के लिए निकलने ही वाली थी, इस बीच पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस सक्ती पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 376 का अपराध कायम किया गया है।



आरोपी युवक।

**खास बात**

- शादी का झांसा देकर युवती के साथ संबंध बनाने के बाद किसी दूसरी युवती से करने जा रहा था विवाह

### लापता बालक को पुलिस ने मिलाया परिवार से

**कोरबा।** कटघोरा बस स्टैंड में एक लगभग 7 वर्षीय लक्की नाम का बच्चा मिला जो अपने माता-पिता का नाम-पता नहीं बता पा रहा था। कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के निर्देश पर थाना कर्मचारियों ने शहर में लगातार उसके परिजनों का पता लगाया, किन्तु कुछ पता नहीं चला। इसके पश्चात बच्चे को चाइल्ड सेंटर सुरक्षित रखने हेतु भेजा गया।

# 6 लोगों से 66 लीटर महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आबकारी विभाग की टीम को मुखबीर से सूचना मिली थी कि धवईंपुर और ग्राम पोड़ी में अवैध महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर आबकारी विभाग की टीम नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदी के बहाने दबिश देकर दोनों जगहों से 66 लीटर महुआ शराब व 6 सौ किलो महुआ लाहान जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबाकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर और सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बक्शी के मार्गदर्शन में शनिवार को वार्ड क्रमांक 10 धवईंपुर थाना कटघोरा में नकली खरीदार बनकर महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि के बाद चमार राय, फूलसिंह धनुहार, दिलहरण और सीमाबाई इसी तरह नकली खरीदार के माध्यम से महुआ शराब की खरीदारी कर पुष्टि पश्चात ग्राम पोड़ी निवासी रामचरण और नीराबाई से कुल 66 लीटर महुआ शराब एवं 600 किलो महुआ लाहान बरामद की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,ख,च) 34 (2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कर दिया गया है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश अग्रवाल, आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल, सुकांत पांडेय, श्रीमती दीपमाला नागदेव, नारायण कंवर, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, राजीव जायसवाल, संजय गुप्ता आबकारी आरक्षक दशराम सिदार, सिमोन मिंज़, सुरेश यादव, शिवकुमार वैष्णव, शरीफ खान, हेमप्रकाश डनसेना, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, राजेश दुबे, कुंदन चंद्रा एवं अंबिका, दीपिका का योगदान रहा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से नहीं हो रही पर्याप्त कोयले की आपूर्ति

# मड़वा संयंत्र में 40 फीसदी अधिक दर पर खरीदना पड़ रहा कोयला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विद्युत कंपनी के गारेपलमा स्थित कोयला खदान से पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पाने की वजह से मड़वा संयंत्र प्रबंधन को लिकेंज के निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर एसईसीएल से कोयला खरीदना पड़ रहा है। जिसकी वजह से विद्युत कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के 1000 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाले मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में विद्युत कंपनी के रायगढ़ जिले में स्थित गारेपलमा कोयला खदान से कोयले की आपूर्ति की जाती है। पिछले कुछ दिनों से विद्युत कंपनी के गारेपलमा कोल ब्लॉक से कोयले के उत्पादन में गिरावट देखने को मिल रही है जिसकी वजह से मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। यहां बताना होगा कि विद्युत कंपनी के गारेपाल्मा कोल ब्लॉक में कोयला उत्खनन व मड़वा संयंत्र तक कोल परिवहन की जिम्मेदारी आडानी कंपनी को दी गई है।

मड़वा संयंत्र में पर्याप्त कोयले की आपूर्ति नहीं होने से संयंत्र प्रबंधन द्वारा एसईसीएल प्रबंधन से कोयला आपूर्ति की मांग की गई। जिसपर एसईसीएल प्रबंधन ने बिना अनुबंध के लिकेंज के दर पर कोयला आपूर्ति नहीं करने की बात कही थी। विद्युत कंपनी के अन्य संयंत्रों में अनुबंध के मुताबिक एसईसीएल द्वारा निर्धारित लिकेंज के दर पर कोयले की आपूर्ति की जाती है।

एसईसीएल प्रबंधन द्वारा निर्धारित दर पर कोयला आपूर्ति नहीं किए जाने पर आखिरकार विद्युत कंपनी प्रबंधन ने एसईसीएल को अधिक दर पर कोयला खरीदने की पेशकश की। जिसके बाद अब एसईसीएल से निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदा जा रहा है। सूत्रों की मानें तो एचटीपीपी संयंत्र में एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन द्वारा 2 हजार पर मिट्रिक टन के हिसाब से कोयले की आपूर्ति की जाती है। वहीं मड़वा संयंत्र के लिए निर्धारित दर से 40 प्रतिशत अधिक दर पर कोयला खरीदना पड़ रहा है। अधिक दर पर कोयला खरीदी करने से उत्पादन कंपनी को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- दो हजार मीट्रिक टन के दर से 40 फीसदी अधिक देनी पड़ रही राशि



### दहेज, ससुराल वालों पर अपराध दर्ज

**कोरबा।** विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि सास उसे लगातार परेशान करती थी और जब इसकी जानकारी पति को दी, तब पति भी अपनी मां का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फिर कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताडित करते।

19- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/19/2024 8:19 PM Page 1



# ऐश्वर्या, कियारा और उर्वशी ने ढाया कहर



## कान्स फिल्म फेस्टिवल

**पेरिस।** *77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ऐशवर्या राय बच्चन अपना जादू चला रही हैं। दूसरे दिन उन्होंने अपने स्टाइलिश लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। ऐश्वर्या राय ने चल रहे कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने पहले दिन के लुक से खूब लाइमलाइट बटोरीं तो वहीं अब एक्ट्रेस के दूसरे दिन का लुक भी चर्चा में बना हुआ है। अपनी खूबसूरती ही नहीं बल्कि फैशन सेंस के लिए भी दुनियाभर में मशहूर ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन बहुत ही यूनिक गाउन पहना हुआ था। पिछले 22 साल से कांस फिल्म फेस्टिवल में अपने स्टाइल और डिफरेंट आउटफिट से लोगों का दिल जीतने वाली भारतीय अभिनेत्री ऐश्वर्या राय का दूसरे दिन का लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एकदम नए लुक में नजर आ रही हैं। ऐश्वर्या ने कांस के सेकंड डे अपीयरेंस में सिल्वर और ब्लू कलर का गाउन पहना था, जिसमें वह बला की खूबसूरत दिख रही हैं।*



## रौतेला पिंक गाउन में दिखीं सुपर स्टाइलिश

*इन-दिनों उर्वशी रौतेला कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 के लिए फ्रेंच रिवेरा में हैं। एक्ट्रेस ने रेड कार्पेट पर वॉक किया। पिंक गाउन में वह बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उर्वशी रौतेला ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 में खालिद एंड मारवान लेबल की ओर से डिजाइन किए गए गुलाबी गाउन में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज की। गाउन के चारो ओर फेदर लगे हुए थे, वहीं उन्होंने माथे पर हेयरबैंड लगाया हुआ था।*

### यूनिक गाउन से खींचा ध्यान

पहले दिन मोनोक्रोमैटिक गाउन से सभी का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली ऐश्वर्या राय ने कांस के दूसरे दिन अपने सिल्वर और ब्लू कलर के यूनिक गाउन में अपनी अदाओं से एक बार फिर महफिल लूट ली। एक हाथ में चोट लगे होने के बावजूद ऐश्वर्या राय बच्चन ने रेड कार्पेट पर अपने लुक्स से सभी को दीवाना बना दिया।

### आन्या टेलर जॉय-क्रिस हेम्सवर्थ ने रेड कार्पेट पर बिखेरा जलवा

फ्रांस में आयोजित 77वें कान फिल्म फेस्टिवल खूब सुर्खियों में छाया हुआ है। पूरी दुनिया के सिने प्रेमियों को कान फिल्म फेस्टिवल का बेसब्री से इंतजार रहता है। 14 मई को बड़ी धूमधाम और ग्लैमर के साथ कान फिल्म फेस्टिवल का उद्घाटन हुआ। इस दौरान हॉलीवुड के कई कलाकार 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' के प्रीमियर के लिए इकट्ठा हुए। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले सितारों में आन्या टेलर जॉय और क्रिस हेम्सवर्थ की जोड़ी भी दिखाई दी। जॉर्ज मिलर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2015 की मैड मैक्स फ्रेंचाइजी की पांचवीं फिल्म फ्यूरियोसा 2015 की ऑस्कर विजेता हिट 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड' पर आधारित है। पिछली फिल्म में इम्पीरेटर फ्यूरियोसा के रूप में चार्लीज थेरॉन ने मुख्य भूमिका निभाई थी। नई फिल्म फ्यूरियोसा यानी आन्या टेलर जॉय पर केंद्रित है, जिसे उनके बचपन में वारलॉर्ड डिमेंटस यानी क्रिस हेम्सवर्थ द्वारा अपहरण कर लिया गया था और वे कई माताओं के ग्रीन प्लेस में अपने घर वापस जाने का रास्ता खोजने के लिए खुद को तैयार करती हैं।

## टीवी मसाला

### तारक मेहता के 'रोशन सिंह सोढ़ी' 25 दिन बाद घर वापस लौटे...


**मुंबई।** लोकप्रिय टीवी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में रोशन सिंह सोढ़ी की भूमिका निभाने के लिए प्रसिद्ध गुरुचरण सिंह, जो 22 अप्रैल से लापता थे। शुक्रवार को घर लौट आए हैं। कई दिनों तक गायब रहने के बाद अभिनेता खुद ही वापस घर लौट आए हैं। परिवार वालों ने दिल्ली में उनकी गुमशुदगी की एफआईआर दर्ज करवाई थी। वापस लौटने पर सोढ़ी से पुलिस ने पूछताछ की। दिल्ली पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था और अभिनेता की तलाश के लिए जांच चल रही थी। पुलिस के मुताबिक गुरुचरण ने पूछताछ के दौरान अधिकारियों को बताया कि वह अपना सांसारिक जीवन छोड़ चुके हैं और धार्मिक यात्रा पर हैं। पुलिस ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वह अमृतसर और लुधियाना जैसे कई शहरों में गुरुद्वारों में रुके थे, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि उसे घर लौट जाना चाहिए। 22 अप्रैल को अभिनेता को दिल्ली से मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़नी थी। हालांकि, वह फ्लाइट में नहीं चढ़े और लापता हो गए। उनका फोन नंबर 24 अप्रैल तक सक्रिय था, जिसके जरिए कई लेनदेन किए गए थे, जैसा कि पुलिस जांच से पता चला है। जिस दिन वह लापता हुए, उस दिन के सीसीटीवी फुटेज में अभिनेता को अपनी पीठ पर एक बैग लेकर चलते हुए देखा गया है।



### जीत का जज्बा लेकर 'खतरों के खिलाड़ी 14' में जा रही हैं शिल्पा

**मुंबई।** 'खतरों के खिलाड़ी 14' का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रोहित शेट्टी के इस रोमांचकारी शो में टीवी के सितारे खतरों से खेलते हुए दिखाई देते हैं। इसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को लेकर भी चर्चाओं का बाजार अक्सर गर्म रहता है। इस बार शिल्पा शिंदे भी शो में शिरकत करने वाली हैं। अभिनेत्री ने शो में हिस्सा लेने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा। शिल्पा शिंदे से पूछा गया कि शो के लिए वह कैसे तैयारी कर रही हैं। इस पर अभिनेत्री ने कहा, मैं अच्छा खाना खा कर और अच्छी नींद लेकर तैयारी कर रही हूं क्योंकि मुझे नहीं पता कि वहां कैसा खाना मिलेगा। तो मैं उससे एनर्जी ले रही हूं। बाकी मैं वहां जाने के लिए काफी उत्सुक हूं और अब आगे देखते हैं कि क्या होता है।





### गजगामिनी चाल देख फैंस हुए दीवाने

**मुंबई।** संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार में अदिति राव की एक्टिंग का हर कोई दीवाना हो गया है। सीरीज में अदिति के रोल को बेहद पसंद किया गया। अब उनके रोल से भी ज्यादा वायरल हो रही है उनकी गजगामिनी चाल। एक्ट्रेस ने वायरल हो रही अपनी वीडियो क्लिप पर रिएक्ट किया है। खास बातचीत में अदिति राव हैदरी ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि इस चाल को क्या कहते हैं क्योंकि भरतनाट्यम डांसर के रूप में उन्होंने ऐसा कभी कुछ नहीं सीखा था। उन्होंने बताया कि इस वॉक को संजय लीला भंसाली ने उनसे करने को कहा था। अदिति ने कहा, "वो किसी से पूछना चाहती हैं, संजय सर, मेरे डांस टीचर कि ये क्या है। क्या ये गजगामिनी चाल या स्वान वॉक है। यह कौन सी वॉक है जो मुझे नहीं पता है।"



### 'बाहुबली' के कटप्पा बनेंगे पीएम मोदी

**मुंबई।** साउथ अभिनेता सत्यराज अपनी दमदार अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। वे कई फिल्मों में अपने अभिनय का जौहर दिखा चुके हैं। उन्होंने प्रभास अभिनीत फिल्म फ्रेंचाइजी 'बाहुबली' में कटप्पा का किरदार निभाकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। यह सत्यराज के करियर की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका थी। वहीं, अब चर्चा है कि सत्यराज एक और महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले हैं। दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेता की अगली फिल्म को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। वे अगली बार बायोपिक में नजर आने वाले हैं और खबर है यह कि बायोपिक में सत्यराज वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, ये अफवाहें इंटरनेट पर तेजी से फैली हुई हैं। अभी इन खबरों की पुष्टि होना बाकी है।

### करियर की खातिर इन अभिनेत्रियों ने छुपाई पहचान नाम बदलकर फैंस के दिलों पर कर रहीं राज

***मुंबई।*** *टीवी अभिनेत्रियों के चाहने वाले बॉलीवुड अभिनेत्रियों से कम नहीं हैं। टीवी हसीनाओं के भी लाखों में फैंस हैं, जिन्हें उनके बारे में हर बात जानने की खूब दिलचस्पी रहती है। सोशल मीडिया पर इन अभिनेत्रियों की तस्वीरें आते ही छा जाती हैं। मगर इन अभिनेत्रियों को ये पहचान यूं ही हासिल नहीं हुई है। इसके लिए इन्होंने कड़ी मेहनत की है। तब जाकर ये मुकाम हासिल हुआ है। वहीं, कई अभिनेत्रियों ने तो करियर की खातिर अपना नाम तक बदल दिया है। आज हम इस लेख में उन्हीं अभिनेत्रियों के बारे में बात करेंगे, जिन्होंने अपने अभिनय करियर के लिए नाम बदल लिया। तो चलिए जानते हैं...*



**अंकिता लोखंडे :** टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियों में से एक अंकिता लोखंडे का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अंकिता अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। टीवी शो 'पवित्र रिश्ता' से अंकिता को पहचान मिली थी। मगर उनके बारे में ये बहुत कम लोग जानते होंगे कि उनका नाम पहले तनुजा लोखंडे था। उन्होंने बाद में अपना नाम अंकिता रखा।




**रश्मि देसाई :** टीवी अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम रश्मि देसाई का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अभिनेत्री दो बार अपना नाम बदल चुकी हैं। बचपन में उनका नाम शिवानी था, जिसे बदलकर बाद में उनकी मम्मी ने दिव्या नाम रख दिया था। मगर पर्दे पर अपनी पहचान बनाने के लिए अभिनेत्री ने अपना फिर से नाम बदल दिया और रश्मि देसाई रख लिया।



**दलजीत कौर :** टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर का नाम भी इसमें शामिल हैं। वह भी अपना नाम बदल चुकी हैं। दलजीत कौर का नाम पहले दीपा कौर था। अभिनय करियर की शुरुआत से दलजीत ने अपना नाम बदलकर दलजीत कौर रख लिया था। अभिनेत्री को सीरियल 'इस प्यार को क्या नाम दूं' से पहचान मिली थी।

**अनिता हसनंदानी :** अनिता हसनंदानी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अनिता किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कई बड़े सीरियल में अपने अभिनय का दमखम दिखाया है। वह कई बॉलीवुड फिल्मों में भी बतौर लीड एक्ट्रेस काम कर चुकी हैं। जब उन्होंने अभिनय करियर की शुरुआत की तब उनका नाम नताशा हसनंदानी था, जिसे बदलकर बाद में उन्होंने अनिता हसनंदानी कर लिया था।



**निया शर्मा :** टीवी की सबसे बोल्ड अभिनेत्रियों में से एक निया शर्मा का नाम भी इसमें शामिल है। निया का नाम इंडस्ट्री में आने से पहले निशा शर्मा था। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत करने से पहले अपना नाम निशा से बदलकर निया शर्मा रख लिया था।



### एक्स बॉयफ्रेंड ने लीक किए प्राइवेट वीडियो

**मुंबई।** पूनम पांडे इंडस्ट्री की कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस-मॉडल में से एक हैं। वो अकसर ही किसी ना किसी विवाद की वजह से हेडलाइंस में रहती हैं। एक बार सोशल मीडिया पर उनका बाथरूम वीडियो लीक हुआ था। पूनम के प्राइवेट वीडियो ने हर किसी को हैरान कर दिया था। सालों बाद अब उन्होंने लीक वीडियो के बारे में बात की है। एक्ट्रेस का कहना है कि उनके साथ ऐसी गंदी हरकत किसी और ने नहीं, बल्कि खुद उनके बॉयफ्रेंड ने की थी। यूं तो सोशल मीडिया पर पूनम पांडे की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल होते रहते हैं, लेकिन जब सोशल मीडिया पर उनका बाथरूम वीडियो लीक हुआ, तो हर ओर हड़कंप मच गया था। इस वीडियो को यूट्यूब ने ब्लॉक कर दिया था। पूनम ने लीक वीडियो के बारे में बात करते हुए कहा- सोशल मीडिया पर वो वीडियो उनके एक्स बॉयफ्रेंड ने शेयर किया था। इंटरव्यू में उन्होंने कहा- मुझे आज भी याद है और मैं इसे कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक-दूसरे से लड़ रहे थे और मुझे खुद को बचाना था। लड़ाई के दौरान उसने ट्रिमर उठाया और मेरे बालों को ट्रिम करने जा रहा था। पर किसी तरह मैंने उससे ट्रिमर छीना और कमरे से भाग निकली। पूनम कहती हैं कि उस लड़ाई के बाद एक्स बॉयफ्रेंड ने उनके प्राइवेट वीडियोज लीक करने की धमकी दी।



## खबर संक्षेप

### सामान खरीदी करने पर रसीद जरूर मांगे उपभोक्ता

**सारंगढ़।** आज के समय में उपभोक्ताओं का जागरूक होना आवश्यक है। कोई भी व्यक्ति जो किसी सेवा के बदले शुल्क भुगतान करते हैंए वे उपभोक्ता कहलाते हैं। उपभोक्ता को कोई भी समान खरीदने के बाद रसीद जरूर मांगना चाहिए। यह उपभोक्ता का पहला अधिकार है। आज क़े दौर में असली नकली का फर्क करना मुश्किल है। कई उपभोक्ता को गलत सामान दे दिए जाते हैंए जिससे उपभोक्ता को क्षति होती है। उपभोक्ता सेवा में त्रुटि होना गलत है। ऐसे में सेवा प्रदाताए निर्माताए विक्रेता के खिलाफ क्षतिपूर्ति के लिए जिला आयोग में परिवाद दाखिल किया जा सकता है। आनलाइन हेल्पलाइन 1915 या टोल फ्री नंबर 1800114000 से सहायता ले सकते हैं। प्रत्येक जिले में उपभोक्ता प्रतितोष आयोग कार्य कर रहा है। पहले इसे जिला उपभोक्ता फोरम के नाम से जाना जाता था। इसमें बिजली, टेलीफोन, रेल, डाक सहित अन्य मामले में भी परिवाद दाखिल किया जा सकता है। जबसे लोग पैदा होते हैं उपभोक्ता हो जाते हैं। अभी डिजिटल युग में जरूरत हैए गांव. गांव में जागरूकता शिविर आयोजित करने की। एक किसान से लेकर अधिकारी तक उपभोक्ता हैं। जानकारी के अभाव में लोग अपनी बात उचित फोरम पर नहीं रख पाते हैं। अब डिजिटल माध्यम से भी उपभोक्ता अपनी शिकायत उपभोक्ता फोरम में दाखिल कर सकते हैं।

### विश्वशांति हरियज्ञ पूजन में शामिल हुए श्रद्धालु

**तमनार।** ग्राम जरेकेला मुढ़ीनार में विश्वशांति हरियज्ञ पूजन 14 मई से 20 मई तक श्रद्धापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। विश्वशांति हरियज्ञ पूजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम डांस, नाटक प्रतियोगिता, गाहक बाधक, कथा प्रवचन, पंडवानी एवं मेला में हजारों श्रद्धालुओं का भीड़ उमड़ रहा है। 14 मई को जलयात्रा अंकुरा रोपण एवं रात्रि ईनामी डांस प्रतियोगिता 15 मई गाहक बाहक, 16 मई हवन पूजन, संध्या आरती एवं सायं कलश शोभायात्रा तथा रात्रि भजन कीर्तन, 17 मई कथा वाचक कामता प्रसाद शरण का प्रवचन, 18 मई को गोकुलानंद पटनायक का प्रवचन एवं रात्रि माया पंडवानी दुजनबाई की मनमोहक प्रस्तुति 19 को हवन पूजन, संध्या आरती एवं रात्रि ईनामी नाटक 20 मई को पूर्णाहुति व आशीर्वाद के साथ महाप्रसाद वितरण एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कथावाचक कामता प्रसाद शरण छत्तीसगढी भाषा में काफी आकर्षक ढंग से भगवान श्री राम प्रभु कृष्ण प्रभु के जीवन चरित को प्रस्तुत किया तो चारों तरफ जयकारे गुंजने लगा।

### स्कूल में समर कैम्प से छात्र-छात्राओं में उत्साह

**तमनार।** विकास खण्ड तमनार के प्राथमिक व माध्यमिक शाला नूनदरहा संकुल औराईमुड़ा शाला परिसर में शाला प्रबंधन समिति, पालकों छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों की उपस्थिति में परम्परागत रूप से मां शारदा के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्राथमिक व माध्यमिक शाला नूनदरहा, नावाडीह, केराखोल का संयुक्त रूप से समर कैम्प का आयोजन में प्रमुख रूप से व्यायाम योगाभ्यास, नैतिक शिक्षा एवं स्वच्छता, 2 से 20 तक पहाड़ा का अभ्यास एवं बाल गीत एवं कविता का हाव भाव एवं गतिविधि के साथ स्वतंत्र वातावरण में अभ्यास कराया गया। सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उत्तर कुमार सिधार एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक जयप्रकाश साहू के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य और संकुल समन्वयक के कुशल नेतृत्व में सभी शिक्षकों के सहयोग से समर कैम्प का आयोजन किया गया है।

## पेज 1 का शेष

### जंगल में जुआ ...

सुखदेव सिदार, जोहन एक्का, मिथलेश यादव, कोसमोस तिर्की, पवन पैंकरा, तुलसी रात्रे, आषिशन प्रभात टोप्पो, भवानी लाल कहरा, राजकुमार बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा, अवैध शराब एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया है। अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। सूचना देने वाले का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जाएगा एवं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

### 100 ट्रैक्टर से अधिक रेत सहित चैन मशीन जब्त

# रेत की अवैध डंपिंग पर रायपुर व सारंगढ़ खनिज अमले की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

रायपुर माइनिंग की बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है, जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर माइनिंग विभाग के डायरेक्टर द्वारा एक संयुक्त टीम बनाकर सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघनपुर में चल रहे अवैध रेत खनन की शिकायत लगातार मिल रही थी, जिसको संज्ञान में लेते हुए एक टीम बनाकर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया और कार्यवाही से क्षेत्र में हडक्रंप सी मच गई।

खनिज विभाग के डिप्टी डायरेक्टर बीके चंद्राकर ने बताया कि कोई भी जिला हो जहां भी अवैध उत्खनन या परिवहन करने की शिकायत मिलेगी तो हम एक टीम बनाकर कार्यवाही करेंगे, चाहे कोई भी हो अवैध उत्खनन या परिवहन पर सख्त निगरानी रखी गई है और कार्यवाही भी जल्द ही की जाएगी। टीम द्वारा सुबह अवैध रूप से चल रहे रेत खदान पर कार्रवाई की गई है, जिसमें एक चेन मशीन को जब्त किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

वही सारंगढ़ माइनिंग विभाग के खनिज अधिकारी भारद्वाज द्वारा हाल ही दिनों में एक टीम बनाकर अवैध रूप से भंडारण रखे 100 ट्रैक्टरों से भी ज्यादा अवैध तरीके से रेत की डंपिंग पर कार्रवाई किया गया है और उसके दूसरे ही दिन रायपुर से खनिज विभाग की टीम निकली और कार्यवाही की है जिससे क्षेत्र में हडक्रंप सी मच गई है और माइनिंग विभाग के भी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



कार्रवाई करने पहुंचे खनिज विभाग के अधिकारी।

#### रायपुर में हुई थी शिकायत


वही प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत खनन की शिकायत रायपुर में हुई थी तभी एक टीम बनाकर खनिज विभाग के डायरेक्टर महेश बाबू के निर्देश पर डिप्टी डायरेक्टर बीके चंद्राकर के मार्गदर्शन पर खनिज विभाग के खनिज अधिकारी, बारीक और अनिल साहू के द्वारा टीम गठित कर कई क्षेत्र के इंस्पेक्टर और खनिज विभाग के टीम बनाकर कार्यवाही करने के लिए भेजा गया था। माइनिंग विभाग ने सिंघनपुर गांव आते हुए सुबह ही कार्यवाही करने के लिए पहुँच गए, जिसमें रेत की अवैध खनन एक चेन मशीन द्वारा किया जा रहा था जिसको जब्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## बिना अनुमति बोर खनन कर रही दो गाड़ियां जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में बोर खनन पर 10 मई से 15 जुलाई तक कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आदेश जारी कर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इस अवधि में बोर खनन करने के लिए संबंधित एसडीएम से पूर्वानुमति लेना आवश्यक है बिना अनुमति के बोर खनन पर कार्यवाही किया जाएगा। इसी क्रम में पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन कर रही दो गाड़ियों को एसडीएम रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजस्व अमले द्वारा जप्त किया गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी ने बताया कि तहसील पुसौर के कोतमरा गांव में बिना अनुमति के अवैध बोर खनन किया जा रहा था। मौके में सालिकराम बोर वेल बसना जिला महासमुन्द छग के द्वारा ग्राम त्रिभौना तहसील पुसौर के बंशीधर प्रधान को अपना ट्रक कमांक सीजी 04 सीपी 3972 एवं सहायक ट्रक



■ पुसौर तहसील के कोतमरा गांव में हो रहा था अवैध खनन

कमांक टीएन 28 एएस 1902 को किराए में दिया जाना ज्ञात हुआ। उक्त दोनो बोर वेल यंत्र को मौके में मोहरमती सिदार के भूमि में बोर खनन करते पाया गया है।

मौके में किसान तथा बोर वेल संचालक के द्वारा बोर खनन के संबंध में किसी प्रकार के अनुमति संबंधी दस्तावेज उलब्ध नही होना बताए जाने पर उक्त दोनो ट्रकध्बोर वेल यंत्र को थाना पुसौर के सुपुर्द में सौपा गया। जिसपर नियमानुसार कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को भेजा गया।

## तेज रफ्तार जीप बंजारी मंदिर के बाउंड्री से टकराई, गार्ड सहित दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बंजारी मंदिर मिलूपारा अदानी गेट के पास मिलूपारा बंजारी मंदिर के पास अंदर जो ऑफिस है वहां से गाड़ी क्रमांक सीजी 13 एजेड 2184 सीएसपीडीसीएल एम्पलाई ओम प्रकाश पटेल अपने वाहन को चल रहा था जो स्पीड ज्यादा होने की वजह से कहें अनुभव कम होने की वजह से जो अदानी गेट के पास कंट्रोल नहीं कर पाने की वजह से जो गेट खोलने के लिए गार्ड था उसको टक्कर मारते हुए सामने सड़क पार करके बंजारी मंदिर के बरामदा में टकरा गया। दो पिलहर को तोड़ते हुए जा फसा हादसा इतना भयानक हुआ है देखने से गाड़ी स्पीड ज्यादा थी टकराने से जो फिलहर टूटे हैं। उसके लोहे के एंगल कांच फोड़ते हुए स्कॉर्पियो में हेल्फर साइड जा घुसा है। यह गाड़ी ओमप्रकाश पटेल के द्वारा चलाए जा रहा था जो कंपनी एम्पलाई है सीएसपीडीसीएल का साथ में एक और आदमी बैठा था जो अदानी कंपनी में हाउसकीपिंग का काम करता था गाड़ी की रफ्तार इतनी अधिक थी कि गार्डन जो गेट पर रहते हैं वह दरवाजा नहीं खोल पाया था दरवाजे को टक्कर मारते हुए गई है। इससे गार्ड को चोट पहुंचा है रोड के उसपार दर्पण लगा था जो कंपनी गेट व सड़क पर चलने वालों को देख सके की कोई वहान तो नही आ रहा है। उसको को भी तोड़ते हुए मंदिर के प्रांगण में जा टकराया। जो गेट में ड्यूटी कर रहे थे गार्ड के मुताबिक ड्राइवर और जो बैठा था उसको कम चोट आए हैं कहां जा रहे हैं बाकी उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

## राहुल गांधी के पक्ष में उमेश पटेल ने ली सभा

**रायगढ़।** कांग्रेस ने रायबरेली की हाई प्रोफाइल सीट को जीतने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री और खरसिया विधायक उमेश पटेल को स्टार प्रचारक के रूप में मैदान में उतारा है। उमेश पटेल जो कि कई चुनावों का अनुभव रखते हैं वे पिछले कुछ दिनों से रायबरेली में राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित करने के लिए छोटे छोटे गांव और कस्बों में धुआंधार जनसभाएं कर इंडिया गठबंधन और कांग्रेस की जीत के मायने बताते हुए राहुल गांधी को समर्थन देने का आव्हान कर रहे हैं। उमेश पटेल की लोकप्रियता और उनके संवाद क्षमता को देखते हुए लोग उन्हें सुन रहे हैं और उनकी बातों को समझ भी रहे हैं जिससे रायबरेली में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होती दिख रही है। यूथ आइकॉन उमेश पटेल के चुनावी कैंपेन से जहां कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं वहीं विपक्षियों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं उनके प्रभावी अंदाज और अनुभव का फायदा कांग्रेस पार्टी को मिलने की उम्मीद है।

## अवैध शराब पर कार्रवाई, 2 महिला समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने ग्राम देवगांव, महलोई, बुडिया, झिंकाबहाल, टिहलीरामपुर, पाता, करवाही एवं गोहड़ीडीपा का सघन भ्रमण करते हुए अवैध शराब बनाने व बिक्री करने के मामले में लगातार पांच कार्रवाई कर दो महिला समेत

■ 60 लीटर शराब जब्त, तमनार पुलिस ने की कार्रवाई

पांच आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे करीब 60 लीटर अवैध शराब जब्त किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज मामले को विवेचना में लिया गया है।

पुलिस टीम ने ग्राम टिहलीरामपुर में आरोपी हेतलाल भगत उम्र 47 साल निवासी टिहलीरामपुर से बाडी में छिपा कर रखा 20 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्ती किया गया। ग्राम देवगांव में आरोपी तरुण कुमार साहू उम्र 34 साल निवासी ग्राम देवगांव को अवैध रूप से शराब बेचते पकड़े जिससे 08 लीटर महुआ शराब और बिक्री रकम 150 रुपए बरामद हुआ। अवैध शराब बिक्री की सूचना पर ग्राम पाता में पुलिस टीम ने आरोपिया श्रीमती अनिता भगत को पकड़ा जिससे 3.5 लीटर और ग्राम करवाही में शराब रेड में आरोपिया श्रीमती सीमा सिदार से 03 लीटर अवैध महुआ शराब की जब्ती किया गया है। इसी कड़ी में आज सुबह तमनार पुलिस टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर ग्राम गोहड़ीडीपा में आरोपी नत्थूराम यादव उम्र 58 साल निवासी गोहड़ीडीपा के कोला बाड़ी में गड्ढा कर बोरी में छिपाकर रखा हुआ 25 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। पुलिस टीम द्वारा 05 कार्रवाई में 59.5 लीटर अवैध महुआ शराब कीमती 11,900 की जप्ती की गई है, आरोपियों पर थाना तमनार में पृथक पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।



### महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, 22 लीटर शराब जब्त



**सरसींवा।** सरसींवा पुलिस से 22 लीटर महुआ शराब के साथ 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 15 मई की शाम करीब 5 बजे आस पास भिनोदी निवासी सुखराम तंजय पिता हरिराम तंजय और तीजराम तंजय पिता हरिराम तंजय को 22 लीटर महुआ शराब के साथ रंगे हाथो पकड़ा गया। ग्राम भिनोदी के सुकराम तांजय एवं जीतराम तांजय दोनो भाई अपने घर बाडी में अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपीगण सुकराम तांजय पिता हरीराम तांजय उम्र 52 वर्ष निवासी भिनोदी थाना सरसींवां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ जीतराम तांजय पिता हरीराम निवासी से 22 लीटर शराब जब्त कया गया है।

## छपोरा में समर कैंप के प्रथम चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कटेली।** शासन के निर्देशानुसार ग्रीष्माअवकास में बच्चों को शैक्षणिक संस्थानों शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़ें रखने तथा विभिन्न क्रियाकलापों से उनके मनोरंजन के साथ साथ समय का सही सदुपयोग करने के लिए विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पुसौर दिनेश कुमार पटेल एवं विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक शैलेन्द्र कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य विजय कुमार साव व संकुल शैक्षिक समन्वयक मायाराम गुप्ता के विशेष सहयोग एवं शाला विकास समिति के सहयोग से विद्यालय शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला छपोरा, संकुल केन्द्र छपोरा विकास खण्ड पुसौर में 11 मई से समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिदिन बच्चों को विभिन्न क्रियाकलापों गतिविधियों के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता रहा जिसमें मुख्य रूप से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 15 मिनट योग अभ्यास 15 मिनट का बालिकाओं हेतु कराटे का अभ्यास, 15 मिनट नैतिक एवं शारीरिक शिक्षा 30 मिनट कंप्यूटर शिक्षा, 30 मिनट पुस्तकालय वाचन, 15 मिनट सांस्कृतिक कार्यक्रम, 30 मिनट सामूहिक गतिविधियों के साथ साथ प्रतिदिवस अलग अलग गतिविधि जैसे कविता, कहानी, मेहंदी, नृत्य, गायन, वेश भूषा, ड्राइंग पेंडिंग, चित्रकला, रंगोली का आयोजन कर बच्चों के समर कैंप को और भी आकर्षक बनाया जाता रहा ।



## पोषण आहार ब्लड प्रेशर से बचने का बेहतर उपाय

**सारंगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही के मार्गदर्शन में जिले भर में विश्व रक्तचाप दिवस मेजर योर ब्लड प्रेशर एक्युरेटली, कंट्रोल ईट, लाइव लांगर थीम के साथ मनाया गया। जिले के स्वास्थ्य अमला के अधिकारी कर्मचारियों विशेष कर मैदानी क्षेत्रों में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों के माध्यम से रक्तचाप जांच कर लोगों को उपचार देते एवं अच्छे जीवन शैली के लिए जागरूक करते नजर आए। मैदानी क्षेत्रों में विश्व रक्तचाप दिवस का प्रभावी क्रियान्वयन हो इसके मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा समस्त खंड चिकित्सा अधिकारियों और सेक्टर प्रभारी अधिकारियों को भी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## 27 हाथियों के दल ने गोमर्डा अभयारण्य में जमाया डेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

सारंगढ़ के गोमर्डा अभ्यारण्य बरमकेला में 26-27 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथियों ने ग्रामीणों की फसलों को बर्बाद कर दिया है। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सचेत रहने की अपील की है। सुरेंद्र अजय वनपरिक्षेत्र अधिकारी ने बताया किए पिछले साल जून के महीने में यहां पर हाथियों का दल आया और यहीं पर अपना डेरा जमा लिया। आजकल ये बरमकेला गोमर्डा अभ्यारण्य केकराजोरी तालाब कक्ष क्रमांक 983 में विचरण कर रहे हैं। यहां पर ये फसलों को बर्बाद कर रहे हैं। हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीण भी दहशत में हैं। वन विभाग ने गांव में मुनादी कर लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। ग्रामीणों को तेंदूपत्ता के लिए जंगल जाने से भी रोका गया है। अफसरों का कहना है किए जिनकी फसलों का नुकसान हुआ है उसका आंकलन करके मुआवजा दिया जाएगा। इसलिए वे हाथियों को कोई नुकसान न पहुंचाएं। बरमकेला केकराजोरी तालाब कक्ष क्रमांक 983 में विचरण कर रहे हैं।

**खास बात**

■ वन विभाग गांव में मुनादी कर लोगों को कर रहा सतर्क



## राजेश हत्याकांड को लेकर बंग समाज ने निंदा प्रस्ताव पारित कर जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राजेश हत्याकांड को लेकर शनिवार की शाम पांच बजे बंग समाज के लोगो ने धरमजयगढ़ कालोनी में एक बैठक आहूत की जिसमे इस हत्याकांड को लेकर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही इस हत्या कांच में शामिल आरोपी मोइन खान जिसके परिजनों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में जमानत अर्जी लगाने की बात सुनने आई हैए जिसे लेकर मृतक राजेश के परिजनों सहित बंग समाज ने पुरजोर विरोध जताया।साथ ही मृतक की मां का हरसंभव सहयोग करने की बात भी कही। बता दें इससे पूर्व आरोपी मोइन की जमानत हाईकोर्ट द्वारा खारिज की जा चुकी है। आपको बता दे की जनवरी 2024 में धरमजयगढ़ कालोनी में राजेश विस्वास की उसकी पत्नी और प्रेमी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। जिसके बाद धरमजयगढ़ पुलिस ने इस अंधे कत्ल को सुलझाते हुए घटना के चार आरोपियों को जेल भेज दिया था जिसके बाद से इस हत्याकांड के सभी आरोपी जेल में है और जमानत के प्रयास में लगे हुए है। बीते 16 जनवरी को राजेश विश्वास की पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। इस मामले में 4 लोग गिरफ्तार किए गए हैं।

## एनटीपीसी लारा में बालिका सशक्तिकरण अभियान

**रायगढ़।** अखिलेश सिंह परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्षा, प्रेरिता महिला समिति द्वारा बालिकाओं का व्यक्तित्व विकास के लिए विशेष रूप से बनाए गए 4 सप्ताह की आवासीय कार्यशाला का शुभारंभ 17 मई को मैत्री नगर टाउनशिप एनटीपीसी लारा के तरंग सभागार में किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख ने कहा रायगढ़ जिले के सर्वंगिन विकास के लिए एनटीपीसी लारा प्रयासरत है। बालिका सशक्तिकरण अभियान पर ध्यान केंद्रित करते हुए श्री सिंह ने कहा एनटीपीसी लारा द्वारा आयोजित किया जा रहा आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बालिकाओं का व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित एक अनोखा पहल है। यह कार्यक्रम उनके उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में मील का पत्थर साबित होगा। जैसे एक कुम्हार कच्ची मिट्टी से घड़ा बनाता है उसी तरह बचपन में हम बालिकाओं को जैसे प्रशिक्षित करेंगे वह खुद को वैसे ही तैयार करेंगे।10 से 11 आयु वर्ग की लड़कियों के लिए यह एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम है जो की बालिकाओं को आत्मरक्षा, योग, ड्राइंग, पेंटिंग के साथ उनके शैक्षिक पाठ्यक्रम के क्षेत्रों में लगभग एक महीने के आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम से गुजरना होगा। इस दौरान अनुभवी प्रशिक्षक द्वारा नृत्य, संगीत, कला, अभिनय और व्यक्तित्व विकास के बारे में उनको सिखाया जाएगा। एनटीपीसी लारा में आसपास के गांवों की 40 लड़कियों ने इस कार्यक्रम के लिए नामांकन कराया है जो की 13 जून तक जारी रहेगी। इस अवसर पर राजीव रंजन, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण रवि शंकर, महाप्रबंधक परियोजना, जाकिर खान, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन। विभाध्यक्षगण कर्मचारी एवं बच्चों के माता पिता उपस्थित रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com



स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)